शिक्षा दुनिया को बदलने के लिए इस्तेमाल किया जा सकने वाला सबसे शक्तिशाली हथियार-उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडु ने कहा है कि शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिसका इस्तेमाल दुनिया को बदलने के लिए किया जा सकता है। उपराष्ट्रपति आज यहां दिल्ली विश्वविद्यालय के मैत्रेयी कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोहों के उद्घाटन के अवसर पर छात्राओं को संबोधित कर रहे थे।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि स्कूल और कॉलेज युवा मस्तिष्क को आकार प्रदान करने, चरित्र को ढालने और मूल्य आधारित सही शिक्षा देने में बदलाव की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य साक्षरता और शिक्षा की मजबूत नींव पर निर्भर करता है। छात्रों को मजबूत नैतिक और मूल्य आधारित शिक्षा देने के अलावा शिक्षा व्यापक संकल्पना, बुद्धि को तेज करने, विश्लेषण संबंधी कौशल को मस्तिष्क में बैठाने, सृजनात्मकता सुधारने, नये-नये अविष्कारों के बारे में सोचने और एक समग्र दृष्टिकोण विकसित करने में मदद कर सकती है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश की कुल आबादी की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है। देश के विकास में तेजी लाने के लिए उन्हें अधिकार संपन्न बनाना महत्वपूर्ण है। जैसा कि अक्सर कहा जाता है 'यदि आप एक पुरुष को शिक्षित करते हैं, तो आप एक व्यक्ति को शिक्षित करते हैं, लेकिन यदि आप एक महिला को शिक्षित करते हैं, तो आप पूरे परिवार को शिक्षित करते हैं।'

उपराष्ट्रपति ने कहा कि आजादी के 70 साल बाद भी देश निरक्षरता, लिंग असमानता, भ्रष्टाचार, जातिवाद और शहरी-ग्रामीण विभाजन जैसी अनेक समस्याओं का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि इन चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब-जब भारतीय महिलाओं को अवसर प्रदान किए गए हैं, उन्होंने अनेक क्षेत्रों में उच्च मानक कायम किए हैं और साबित कर दिया है कि वह अपने पुरुष सहयोगियों से कम नहीं है। सबसे नवीनतम उदाहरण अवनी चतुर्वेदी का है, जो लड़ाकू विमान उड़ाने वाली पहली भारतीय महिला बन गई है। उपराष्ट्रपति ने छात्रों को सलाह दी कि वे अपने माता-पिता, अपनी मातृभाषा, मातृभूमि, जन्म के पैतृक स्थान और गुरु को नहीं भूलें, जो आपके चरित्र और करियर के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। याद रखें कि गूगल आपको सूचना प्रदान कर सकता है लेकिन आपके गुरु का स्थान नहीं ले सकता, जो आपको शिक्षा प्रदान करता है।

ज़ी टीवी के सितारों ने कहा, 'हैप्पी होली!'

ज़ी टीवी के शो 'आप के आ जाने से' में साहिल की भूमिका निभा रहे करण जोतवानी कहते हैं, ''इस साल मैं होली नहीं खेलूंगा लेकिन अपने परिवार के साथ शाम बिताऊंगा और इस दिन का मजा लूंगा। मुझे बचपन के वो दिन याद हैं, जब सारा परिवार रात में होली जलाने के लिए इकट्ठा होता था। इस साल भी मुझे इसी पल का इंतजार है। मेरी ओर से अपने सभी फैन्स को हैप्पी और सुरक्षित होली।

'पिया अलबेला' में नरेन की भूमिका निभा रहे अक्षय म्हात्रे कहते हैं, ''बचपन के दिनों में होली का मतलब होता था दो रेसिडेंशियल सोसाइटी के बीच रंगों का युद्ध। हम हफ्तों पहले इसकी तैयारियां शुरू कर देते थे। हम लोग पानी के गुब्बारे भरकर तैयार रखते थे और ढेर सारे रंगों का भी इंतजाम कर लेते थे ताकि होली वाले दिन हम अपने हथियारों से लैस रहें और हमें किसी भी चीज की कमी न पड़े। इस साल मुझे अपने 'पिया अलबेला' परिवार के साथ होली मनाने का इंतजार है। मेरी ओर से आप सभी को सुरक्षित होली की शुभकामनाएं।

जी टीवी के 'पिया अलबेला' में पूजा का रोल निभा रहीं शीन दास ने बताया, ''मैंने हमेशा अपनी सोसाइटी के लोगों के साथ मिलकर होली मनाई है, जहां हम लोग होलिका जलाते हैं और इस त्यौहार का मजा लेते हैं। इस त्यौहार के एक दिन पहले ही हम लोग खूबसूरत रंगोली भी डालते हैं और होली वाले दिन प्राकृतिक रंगों से यह त्यौहार का मनाते हैं। मैं अपने सभी प्रशंसकों को होली की शुभकामनाएं देती हूं और उम्मीद करती हूं कि रंगों का यह त्यौहार हर किसी के जीवन में रंग और खुशियां लेकर आए।'' (19-8)

रंगों के त्यौहार – होली में त्वचा की देखभाल

त्यौहारों के समय मेकअप लगाने, तली और मसालेदार चीजों के अलावा बहुत ज्यादा मिठाई और कार्बोहाइड्रेट का सेवन करना, नींद का पूरा नहीं होना, अधिक शारीरिक मेहनत करना, आदि से हमारी त्वचा को काफी नुकसान होता है। खास तौर पर होली के दौरान रंगों के इस्तेमाल के कारण पर त्वचा पर दाने निकलना, एलर्जी, चकत्ते और त्वचा के रूखेपन जैसी समस्याएं बेहद सामान्य हैं। हमें सिर्फ जैविक रंगों के इस्तेमाल का प्रयास करना चाहिए, लेकिन इस से भी हमारी त्वचा प्रभावित हो सकती है। होली के दौरान त्वचा की रक्षा के 10 हर्बल और प्राकृतिक उपाय नीचे दिए गए हैं।

रंगों के इस्तेमाल से पहले अपनी त्वचा पर नारियल का तेल लगाएँ, जिससे त्वचा रंगों के सीधे संपर्क में नहीं आ पाएगी और रैशेस से बचा जा सकेगा। सुनिश्चित करें कि नारियल तेल की गुणवत्ता अच्छी हो। साबुन के बजाय हल्दी, बेसन और मलाई के पेस्ट से रंग निकालें, क्योंकि साबुन त्वचा के लिए कठोर होता है। हल्दी पाउडर को लाल मसूर के साथ पीसकर उसमें दही मिलाएँ और इस रंगों के इस्तेमाल के बादल गाएँ, जो सबसे अच्छा स्क्रब है और त्वचा से अनावश्यक चीजों को निकाल देता है। त्वचा पर लगे रंग को धीरे-धीरे हल्का करने के लिए नींबू के रस में दही मिलाकर लगाएँ। (16)

गांधीनगर कैपिटल स्टेशन पर ब्लॉक से शांति एएक्सप्रेस 1 मार्च से 30 अप्रैल तक

अहमदाबाद, मंडल के गांधीनगर कैपिटल स्टेशन पर स्टेशन रिडवल पमेंट कार्य के तहत बनाए जा रहे 300 कमरों के होटल निर्माण हेतु 60 दिनों के लिए ब्लॉक एक मार्च से प्रारंभ किया जा रहा है, तदनुसार निम्न ट्रेनें उक्त अवधि के दौरान प्रभावित रहेंगी।

ट्रेन संख्या 19310 इंदौर–गांधीनगर कैपिटल शांति एक्सप्रेस को 1 मार्च से 30 अप्रैल तक अहमदाबाद में ही टर्मिनेट किया जाएगा तथा यह ट्रेन अहमदाबाद व गांधीनगर के बीच निरस्त रहेगी। गांधीनगर कैपिटल से चलने वाली ट्रेन संख्या 19309 गांधीनगर-इंदौर शांति एक्सप्रेस को 1 मार्च से 30 अप्रैल तक अहमदाबाद से इंदौर के लिए चलाया जायेगा तथा यह ट्रेन गांधीनगर-अहमदाबाद के मध्य निरस्त रहेगी।

ट्रेन संख्या 69191 आणंद-गांधीनगर कैपिटल मेमू पैसेंजर 1 मार्च से 30 अप्रैल तक निरस्त रहेगी।

ट्रेन संख्या 69192 गांधीनगर कैपिटल-आणंद मेमू पैसेंजर 1 मार्च से 30 अप्रैल तक निरस्त रहेगी।

बांद्रा-भुज एसी एक्सप्रेस में थर्ड एसी व सेकन्ड एसी के अतिरिक्त कोच

अहमदाबाद, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग व उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 22903/22904 बांद्रा-भुज एसी एक्सप्रेस में मार्च माह के दौरान थर्ड एसी व सेकन्ड एसी के एक-एक कोच अतिरिक्त रूप से लगाया जायेगा। तदनुसार ट्रेन संख्या 11903 बांद्रा-भुज बांद्रा से एसी एक्सप्रेस में दिनांक 2 मार्च से 30 मार्च तक तथा दिनांक 3 मार्च से 31 मार्च तक भुज से एक सेकन्ड एसी व एक थर्ड एसी का अतिरिक्त कोच लगेगा। इससे यात्रियों को यात्रा आरामदायक हो सकेगी।

एमवे इंडिया ने न्यूट्रीशन पोर्टफोलियो मजबूत किया-न्यूट्रीलाइट ट्रेडिशनल हर्बल्स रेंज पेश की

चेन्नई, देश की अग्रणी डायरेक्ट सेलिंग एफएमसीजी कंपनी, एमवे इंडिया ने 'न्यूट्रीलाइट ट्रेडिशनल हर्बल्स रेंज' पेश करके अपनी न्यूट्रीशन और वेलनेस उत्पाद श्रृंखला को मजबूत किया है। प्रकृति और विज्ञान के सर्वश्रेष्ठ मेल से बने एमवे न्यूट्रीलाइट ट्रेडिशनल हर्बल्स भारतीय परंपरागत ज्ञान का सर्वश्रेष्ठ और आधुनिक अनुसंधान न्यूट्रास्यूटिकल उत्पाद और सप्लीमेंट की व्यापक रेंज से उपलब्ध करते हैं जो कि शारीरिक लाभ प्रदान करते हैं। नई रेंज से 2020 तक 125 करोड़ रुपए के राजस्व का लक्ष्य है।

न्यूट्रीलाइट ट्रेडिशनल हर्बल्स रेंज की पेशकश की घोषणा करते हुए श्री अंशु बुद्धराजा, सीईओ, एमवे इंडिया ने कहा, न्यूट्रीशन (पोषण) और डायट्री सप्लीमेंट (पूरक आहार) के क्षेत्र में न्यूट्रीलाइट वर्षों से भरोसेमंद नाम रहा है। न्यूट्रीलाइट ब्रांड की विरासत और भारतीय बाजार के प्रति अपनी कटिबद्धता को मजबूत करते हुए हम न्यूट्रीलाइट ट्रेडिशनल हर्बल्स रेंज पेश करने की घोषणा करते हैं। इस रेंज का विकास खासतौर से किया गया है और इसमें भारतीय परंपरागत हर्बल्स का उपयोग किया गया है तथा ऐसा भारतीय उपभोक्ताओं की पोषण आवश्यकताओं का ख्याल रखते हुए किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' विजन के क्रम में न्यूट्रीलाइट ट्रेडिशनल हर्बल्स रेंज सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के प्रति एमवे की प्रतिबद्धता को दोहराता है क्योंकि इसका विकास भारतीय उपभोक्ताओं के लिए किया गया है। इस रेंज का निर्माण एमवे की की अत्याधुनिक स्वच्छ 'गोल्ड' सर्टिफायड निर्माण इकाई में किया गया है जो तमिलनाडु के डिन्डीगुल जिले में है। (19-8)

सीमा पार नकदी भुगतान के लिए इंडसइंड बैंक और रिपल के बीच भागीदारी

मुंबई, बुधवार: इंडसइंड बैंक ने भारत में और भारत के बाहर भुगतान की सुविधा प्रदान करने के लिए वैश्विक भुगतान के लिए एंटरप्राइज ब्लॉकचेन सॉल्यूशन रिपल के साथ अपनी भागीदारी की घोषणा की है। इस संबद्धता के बाद, रिपलनेट अब भारत, ब्राजील और चीन जैसे उभरते बाजारों में त्वरित पहुंच प्रदान कर सकता है।

2017 में भारत में कुल 65 बिलियन डॉलर की रकम आई और इंडसइंड बैंक-जिसने सीमा पार से होने वाले नकद भुगतानों में बहुत दिलचस्पी दिखाई, उसने वैश्विक भुगतानों की सुविधा के लिए ब्लॉकचैन टेक्नोलॉजी की शक्ति का इस्तेमाल करने की योजना बनाई है।

इंडसइंड बैंक के सीनियन एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसीडेंट श्री रमेश गणेषन कहते हैं- ''हम अत्यधिक सुरक्षित बुनियादी ढांचे के माध्यम से इंस्टेंट सैटलमेंट और तुरंत पुष्टिकरण प्रदान करके अपने ग्राहकों को एक उन्नत अनुभव प्रदान करने के लिए रिपल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाने की योजना बना रहे हैं। क्लाइंट को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म का निर्माण करना हमारी रणनीति का मुख्य भाग है और हमें विश्वास है कि रिपल के साथ हमारी साझेदारी इसी दिशा में एक और कदम है। इससे दुनिया भर में रिमेटर्स, प्राप्तकर्ताओं और हमारे संस्थागत साझेदारों को और अधिक वैल्यू हासिल हो पाएगी।''

रिपल के बिजनेस डेवलपमेंट हेड पैट्रिक ग्रिफिन का मानना है कि उभरते बाजारों में ब्लॉकचेन समाधान वित्तीय संस्थानों के ग्राहकों के लिए अधिक महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। (1)

अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए निर्मित 'मेपल असिस्ट एप्प' को किया कैनेडियन मिनिस्टर ने लांच

मैपल असिस्ट इंकॉ ने शानदार मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया है। यह उन सभी स्टूडेंट्स के लिए वन स्टॉप सोल्यूशन होगा, जो कनाडा में हायर स्टडीज में दिलचस्पी रखते हैं। इससे छात्रों को कनाडा के कॉलेजों और यूनिवर्सिटी के संबंध में वह सारी जानकारी मिलेगी, जो वह जानना चाहते हैं। यह ऐप भारत में विकसित किया गया। मैपल असिस्ट ऐप को ओंटारियो के 4 प्रमुख कॉलेजों, डरहम कॉलेज, फैनशॉ कॉलेज, जार्जियन कॉलेज और सेंट क्लेयर कॉलेज का समर्थन हासिल है। कनाडा में पढ़ने की इच्छा रखने वाले 1 लाख से ज्यादा विदेशी स्टूडेंट्स तक इस ऐप के पहुंचने की संभावना है, जिसमें भारत, चीन, फिलीपींस, जापान, ब्राजील और मैक्सिको के छात्र शामिल हैं। इस नए वेंचर को स्कोटिया बैंक, एयर इंडिया, एचडीएफसी क्रेडिलिया और इंडो-कनाडियन बिजनेस चैंबर (आईसीबीसी) का भी सपोर्ट हासिल है। मैपल ऐप को कनाडा के इनोवेशन, साइंस और इकनॉमिक डिवेलपमेंट मंत्री श्री नवदीप बैंस ने लॉन्च किया।

मैपल असिस्ट ऐप के संस्थापक और सीईओ और इस ऐप के पीछे की ड्राइविंग फोर्स रहे विनय चौधरी ने कहा कि कनाडा में खुद इंटरनेशनल स्टूडेंट होने के नाते उन्होंने विदेश में शिक्षा ग्रहण करने के तनाव को करीब से झेला है। जब वह कनाडा की कॉलेज लाइफ में खुद को सेटल करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैपल असिस्ट ऐप कनाडा में पढ़ने की इच्छा रखनेवाले दुनिया भर के संभावित स्टूडेंट्स को तनाव मुक्त और सुहाने सफर के लिए सारी जानकारी उनकी फिंगर टिप्स पर मुहैया कराएगा। (19-10)

न्यू टाइड प्लस विथ एक्स्ट्रा पावर इंडिया में लॉन्च किया गया

भारत में पी एन्ड जी का अग्रणी फेब्रिक ब्रान्ड टाइड प्लस द्वारा न्यू टाइड प्लस विथ एक्स्ट्रा पावर की पेशकश की गयी। भारत की अग्रणी डिटरजन्ट ब्रान्ड का नया वर्जन फॉर्म्युलेशन अपग्रेड कर सुपिरियर क्लिनिंग एवं एक्स्ट्रा व्हाइटनेस सहित है। अग्रणी अभिनेत्री श्रद्धा आर्या, अनिता हसनंदानी और साइ तमहन्कर देश के बिग बाजार, रिलायंस मार्ट तथा स्टार बजार स्टोर्स में प्रवास कर इस नये टाइड प्लस विथ एक्स्ट्रा पावर लॉन्च किया और लेटेस्ट केम्पेइन के बारे में बताया।

टाइड ने हमेशा आश्चर्यजनक सफेदी दी है यही स्पीरिट जीवन में लाती है सभी को हमेशा अपने परिवार तथा बच्चों को कुछ अधिक देना चाहिए, ये सभी कुछ एक्स्ट्रा की चाहत रखते हैं। लोगों को लोन्ड्री भी सुपर क्लिन चाहिए खासकर बच्चों की यूनिफार्म-जो केवल साफ नहीं एक्स्ट्रा क्लिन होना चाहिए, जो टाइड अपने एक्स्ट्रा पावर के साथ अब सभी को सुपिरियर क्लिन के लिए एक्स्ट्रा पावर देगा।-

इश्क में मरजावां की ख्याति-प्राप्त अभिनेत्री, सुचेता त्रिवेदी ने अहमदाबाद का दौरा किया

अहमदाबाद, प्यार कौन-सी करवट लेगा, कह नहीं सकते; इसमें सृजन करने की शक्ति और नष्ट करने की ताकत होती है। बेसब्र विषय-वस्तु को केन्द्र में रखते हुए कलर्स का इश्क में मरजावां एक झूठ, विश्वासघात और दुराचार की बुनियाद पर तैयार किया गया एक प्रतिशोधात्मक ड्रामा है। शहरी इलाकों में भारतीय टेलीविजन पर चोटी के 5 शो में से एक के रूप में रेटिंग चार्ट पर धाक जमाते हुए इश्क में मरजावां में अर्जुन बिजलानी और आलिशा पंवार ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं, और इस दिलचस्प ड्रामा में प्रत्येक किरदार उल्लेखनीय भूमिका अदा कर रहा है।

पूर्व में अपने मधुर स्वभाव और संयत भूमिकाओं के लिए जाना जाने वाली जानी-मानी अभिनेत्री सुचेता त्रिवेदी जोड़-तोड़ करने वाली रोमा के रूप में शो में नकारात्मक भूमिका निभा रही हैं। वे शो, अपने किरदार तथा और भी बहुत कुछ के बारे में बात करने के लिए आज अहमदाबाद में थीं।

अपने चरित्र का वर्णन करते हुए, सुचेता ने कहा, मुझे रोमा की भूमिका निभाने में आनंद आ रहा है – वह एक जटिल और वर्चस्व कायम करने वाली किरदार के रूप में सामने आई है जो जीत अपने पक्ष में करने के लिए कुछ भी करेगी। वह ताकत और रुतबे की अपनी चाहत के लिए किसी भी आदमी को या किसी भी चीज को अपने रास्ते में नहीं आने देने को तैयार नहीं है। इश्क में मरजावां ने इसे टीवी के टॉप 5 शो में स्था न दिया है और यह आपका प्यार और सहयोग है जो हमें कुछ अतिरिक्त करने और हफ्ता-दर-हफ्ता बेहतर परफार्म करने के लिए प्रोत्साहित करता है। (19-10)

गुजराती फिल्मों को एक वर्ष में 49 शो मिलें ऐसी फिल्म प्रोड्युसर्स एसो. की मांग

वेस्टर्न इंडिया फिल्म प्रोड्युसर्स एसोसिएशन की सरकार समक्ष निम्न मांग रखी गई है, जिस पर सकारात्मक रुख अपनाया जाये ऐसी पेशकश की गई होने की जानकारी मिली है:

फिल्मों की बिकी टिकट की संख्या के अनुसार 20 गुणांक प्रदान करना का मौजूदा नीतियों में प्रावधान है। लेकिन अनुभव के आधार पर ऐसा प्रतित होता है कि प्रोड्युसर को डिजीटल सेवा अमली होने के कारण बिकी हुई टिकट की निश्चित संख्या के प्रावधान अनुसार सर्टिफिकेट मिलना भी मुश्किल है और फिल्म की लोकप्रियता को भी भुनाना मुश्किल हो जाता है।

इसके अलावा बोक्स ओफिस पर सफल फिल्म वास्तव में उच्चा गुणवत्तायुक्त है की नहीं, ऐसा भी नहीं माना जा सकता। क्योंकि अनेक फिल्मों को बोक्स आफिस पर चाहिए, ऐसा प्रतिभाव नहीं मिलता।

फिल्म निर्माता सबसीडी के लिए जरूरी तमाम ब्यौरा भरकर फाइल करते हैं इस के सबूत के लिए निर्माता एफीडेविट प्रस्तुत करें तभी मंजूर कर सबसीडी मान्य कर देना चाहिए।

गुजराती फिल्म की प्रस्तुति के लिए जो सिनेमा घर के मालिक एक वर्ष के 49 शो अनिवार्य रुप से प्रस्तुत करें वह जरूरी है। सिनेमा घर गुजराती चलचित्र को वर्ष 49 शो प्रदान करें तभी उनका लाइसेंस रिव्यु करना चाहिए जिससे फिल्म निर्माताओं को प्रोत्साहन मिले।

ऐसी एसोसिएशन ने सरकार समक्ष मांग रखी होने की जानकारी मिली है।

उत्तर पश्चिम रेलवे खुली ई–निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिये भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से ऑन लाईन ई–टेंडर आमंत्रित किये जा रहे है। **क्र. सं.** : 1 **निविदा संख्या/कार्य का नाम** : इंजी./जय/2017–18/182 स.मं. इंजी. फुलेरा व सं. मं. इंजी. लाईन–जयपुर के कार्य क्षेत्र में–एक नम्बर टाटा सूमो व उसके समकक्ष स.मं. इंजी.टीएमसी–जयपुर के अधीन, एक नम्बर एल.सी.वी.व.अनु. अभियन्ता (पी.वे.) फुलेरा केअधीन, तीन नम्बर टाटा/ लीलेण्ड और उसके समान 9 मेट्रिक टन भार वहन क्षमता का हाफ बाडी ट्रक व.अनु. अभियन्ता (पी.वे.) किशनगढ़, उत्तर जयपुर एवं वनस्थली निवाई के अधीन एवं चार नम्बर 1 मेट्रिक टन भार वहन क्षमता का यूटीलिटी वाहन (डबल कैब) जिसमे 5 व्यक्ति बैठ सकें व.अनु. अभियन्ता (पी.वे.) किशनगढ़, वनस्थली निवाई, व. अनु. अभियन्ता (कार्य) लाइन/ जयपुर व पी.डब्ल्यू.आई(उत्तर)जयपुर के अधीन मेंटेनेस, छोटी/बडी रिपयेर, ल्यूब्रिकेट /फुल इत्यादि के साथ पी. वे. सामग्री/ मशीनरी/मेन इत्यादि को ट्रान्सपोर्ट करने हेतु 2 वर्ष की अवधि के लिए किराये पर लेने का कार्य। **अनुमानित लागत** : 11755980/- **बयाना राशि** : 208780/- **क्र. सं.** : 2 **निविदा संख्या/कार्य का नाम** : इंजी./जय/ 2017–18/183 रेवाड़ी–लाईन नम्बर–1 (प्लेटफार्म सं. 8) के सी.सी.एप्रेन के शेष कार्य को करना। **अनुमानित लागत** : 3878618/-**बयाना राशि** : 77580/- **क्र. सं.** : 3 **निविदा संख्या/कार्य का नाम** : इंजी./जय/ 2017–18/184 सं. मं.इजी (आर.पी.सी.) उप मंडल के अधीन आर.पी.सी. खण्ड पर विविध कार्य करना। **अनुमानित लागत** : 9836349/- **बयाना राशि** : 196730/- **क्र. सं.** : 4 **निविदा संख्या/कार्य का नाम** : इंजी./जय/ 2017–18/185 जयपुर मंडल– जयपुर मंडल के रेवाड़ी, अलवर,बांदीकुई और दौसा स्टेशनों पर दिवयांग व्यक्तियों केलिए सुविधाओ का प्रावधान करना। **अनुमानित लागत** : 6916539/- **बयाना राशि** : 138340/- **क्र. सं.** : 5 **निविदा संख्या/ कार्य का नाम** : इंजी./जय/2017–18 /186 सहायक मंडल इंजीनियर (आरपीसी) जयपुर उप मंडल के निजामपुर–अटेली अनुभाग के गैंग स्टॉफ क्वाटर टाइप II विभिन्न स्थानों पर 22 इकाइयों का निर्माण कार्य करना। (सलंग्न सूची के अनुसार) **अनुमानित लागत** : 18874022/- **बयाना राशि** : 244380/- 1.Railway website - **www.ireps.gov.in** पर ऑन लाईन ई–टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नही किया जायेगा। **2.** बयाना राशि व फार्म की लागत राशि का भुगतान ऑन लाईन नेट बैकिंग या गेटवे के माध्यम से करना हैं। जो **वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी (FA&CAO), उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर** के पक्ष में हो अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जाय। **3.** उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **नोटिस बोर्ड** –मण्डल रेल प्रबंधक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। **4. निविदा इंजी./जय/2017–18/182 से इंजी./जय/2017–18/186** बंद होने की तिथि **28.03.18 समय 15.30** बजे एवं खुलने तिथि **28.03.18 समय 16.00** बजे, **249-PA/18**

रेल यात्री सामान्य शिकायत हेतु हैल्प लाइन न. 138 पर सम्पर्क करें।

तमिलनाडु डिफेंस क्वैड परियोजना पर कार्य शुरू

रक्षा मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के मार्गदर्शन में रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग ने तमिलनाडु डिफेंस क्वैड के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। विभाग क्वैड की डीपीआर तैयार करने के लिए शीर्ष परामर्श कंपनी की सेवाएं लेगा।

वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली ने बजट 2018-19 में दो रक्षा उत्पादन कॉरिडोर स्थापित करने की घोषणा की है। इसके अलावा यह निर्णय लिया गया है कि इन रक्षा उत्पादन कॉरिडोरों में से एक कॉरिडोर तमिलनाडु में स्थापित किया जाएगा।

अमेरिकन टूरिस्टर ने फूटबाल खिलाड़ी क्रिस्टीनो रोनाल्डो को 2018 का ब्राण्ड एम्बेसडर नियुक्त किया

अमेरिकन टूरिस्टर विश्व की अग्रणी फैशनेबल, युथफुल, इन्टरनेशनल फैशन ब्रान्ड है। जिसने गर्व के साथ अन्तरराष्ट्रीय फूटबोल सुपरस्टार एवं फैशन आईकोन क्रिस्टीनो रोनाल्डो को 2018 वर्ष के लिए अपना ब्रान्ड एम्बेसडर नियुक्त किया है। पांच बार के विजेता, वर्ल्ड रिकार्डधारी और मौजूदा में फिफा बलोन डोर अवार्ड (2008,2013, 2014, 2016, 2017), भतपूर्व मानचेस्टर युनाइटेड (2003-2009) एवं रियल मेड्रीड (2009से हाल) गोल- स्कोरिंग रिकार्ड ब्रेकर ने अपने कैरियर के दौरान 24 ट्रोफीयां जीती। जिसमें युईएफए चेम्पीयनशीप लिग टाइटल तथा 2016 में युईएफए यूरोपियन चेम्पीयनशीप में पोर्टुगल का केप्टन बनकर जीत हासिल की। क्रिस्टीनो रोनाल्डो आज का सबसे लोकप्रिय और जानेमाने स्पोर्टिंग आईकोन है।

वैशिअवक स्तर पर फएसबुक एवं इन्स्टाग्राम पर सर्वाधिक फालोवर धारी डायनेमिक, स्टाइलिश एवं कॉन्फीडन्ट क्रिस्टीनो रोनाल्डो अमेरिकन टूरिस्टर ब्रान्ड के साथ सार्थक रुप से अनुकूल है। क्रिस्टीनो रोनाल्डो को साइन करने की उत्सुकताके बारे में सेमसोनाइट के मार्केटिंग के एक्जीक्युटिव डायरेक्टर अनुश्री ताइनवाला ने कहा कि क्रिस्टीनो को बोर्ड पर लाने का इससे अच्छा मौका हो नहीं सकता। उनके साथ हमारी ब्रान्ड नेक्स्ट लेवल पर पहुंच जायेगी।-

अँड टिव्ही के सितारों की होली से जुड़ी यादें

होली आ चुकी है और जल्द ही सब रंगों के इस पारंपरिक त्योहार में डूबे हुए नजर आयेंगे। इस अवसर पर हम टेलीविजन के सितारों से मिले और उनसे होली से जुड़ी बचपन की यादों के बारे में पूछा। साथ ही इस बार होली के लिये उन्होंने क्या सोच रखा और कोई एक जिनकी जिंदगी में वे रंग भरना चाहते हैं, उस पर भी उनसे सवाल किये।

जय भानुशाली, 'द वॉयस इंडिया किड्स' के होस्ट

मैं उन बच्चों के जीवन में रंग भरना चाहूंगा जिन्हें कभी पढ़ने का मौका नहीं मिला। मैं उन्हें बड़े सपने देखने के लिये प्रोत्साहित करना चाहता हूं और उनके जीवन में कुछ अच्छी चीजें करने की योजना बनाई है। मैं ज्यादा से ज्यादा मेहनत करूंगा ताकि उन बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठा सकूं।

प्रियांशु जोरा, 'हाई फीवर...डांस का नया तेवर' के होस्ट

किसी की जिंदगी में रंग भरने की बजाय मैं उनका परिचय अलग–अलग रंगों से कराना चाहता हूं, जोकि उनके पास पहले से ही मौजूद हैं। ताकि वह अपने कैनवास में खुद ही रंग भर सकें।

बचपन में होली से जुड़ी मेरी एक ही याद रही है। राजस्थान के अपने शहर में हम डीजे लगाया करते थे और परिवार के लोग पूरे जोश में उन गानों पर डांस करते थे। उस दिन मुझे अपना पसंदीदा हलवा और पूड़ी–भाजी खाने को मिलता था। इस साल मैं मुंबई में ही अपने दोस्तों के साथ रहने वाला हूं। (19-8)

मुझे याद है, जब मैं स्कूल में था, हर बार होली में हमारी बिल्डिंग के बच्चे एक साथ मिलकर टीम बनाते थे। हम युद्ध का दृश्य बनाते थे जहां टीमें एक–दूसरे पर रंगों से हमला किया करती। चूंकि, हमारे पैरेंट्स को हमारे गेम के बारे में पता नहीं होता था, इसलिये जब भी वे आस–पास होते थे हम सीज़फायर की घोषणा कर देते थे।

सैन्य अभियंता सेवाएं

कमांडर वर्क्स इंजीनियर (एफ) भुज द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न उल्लेखित कार्यों के लिए दो लिफाफा पद्धति में एकल चरण में ऑनलाइन मद दर बीड्स हेतु ठेकेदारों के चयन हेतु एमईएस के सुयोग्य सूचि के ठेकेदारों तथा लिस्टेड / अनलिस्टेड ठेकेदारों जो अन्य सरकारी विभागों के साथ कार्यरत है उनसे इलेक्ट्रोनिक आवेदन आमंत्रित हैं :-

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत लाख में	कार्य पूर्णता की अवधि	निविदा आईडी
1.	एफए स्टेशन नलियाके बीईआर फर्निचर की विशेष मरम्मत/रिप्लेसमेंट करना।	43.00	180 दिन	2018_MES_172865_1

कृपया उपरोक्त विवरण/जानकारी/ डाउनलोडींग/सबमीशन के लिए वेबसाइट : www.defproc.gov.in पर जाए।

(रजनीश गुप्ता)
लेफ्टी कर्नल
एसएसडब्ल्यु
सीडब्ल्युई के लिए

davp/10102/11/2535/1718

सूचना

कृपया आपके विज्ञापन व समाचार हमारे निम्न लिखित ई–मेल पर ही भेजे :
alpaviram@gmail.com